POLICE COMMISSIONERATE

GAUTAM BUDH NAGAR

सराहनीय कार्य /प्रेस विज्ञप्ति - दिनाकं 20.06.2026

1.थाना फेस-1 पुलिस द्वारा सरकारी कार्यालय में गाड़ी लगवाने का नाम पर धोखाधडी करने वाला 01 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से घटना में प्रयुक्त 01 अर्टिगा कार, 02 मोबाइल फोन व 02 सिम कार्ड बरामद।

कार्यवाही का विवरण-- दिनांक 20.06.2026 को थाना फेस-1 नोएडा पुलिस द्वारा लोकल इंटेलिजेंस की सहायता से सरकारी विभाग में गाड़ी लगवाने का झांसा देकर वादी के वाहन को अपने निजी उपयोग में लेने वाला 01 अभियुक्त राजकुमार यादव पुत्र जंग बहादुर यादव को रेड लाईट, झुण्डपुरा बार्डर के पास से **गिरफ्तार** किया गया है। अभियुक्त के कब्जे से घटना में प्रयुक्त अर्टिगा गाड़ी रजि नं0 UK07TE0927, घटना में प्रयुक्त मोबाइल फोन व 02 सिम कार्ड बरामद हुए है।

घटना का संक्षिप्त विवरण-- अभियुक्त द्वारा पूछताछ के दौरान बताया गया कि उसके द्वारा योजना बनाकर सहअभियुक्त परवेन्द्र के आधार कार्ड से दो सिम कार्ड खरीदे गये थे। वह ट्रान्सपोर्टर के व्हाट्सएप ग्रुप में जुडा हुआ था, इसी दौरान उसकी पीड़ित से बातचीत होने पर उसने उनकी गाड़ियो को अच्छे पैसो में सरकारी कार्यालय में लगवाने का झांसा देकर उनकी गाड़ी को मंगवा लिया एवं गाड़ी को बुकिंग में चलाने लगा।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण--

1. राजकुमार यादव पुत्र जंग बहादुर यादव निवासी ग्राम जागीपुर बुजुर्गा, थाना मडियाहू, जिला जौनपुर उ0प्र0 वर्तमान पता अशोक नगर, थाना न्यू अशोक नगर, दिल्ली।

पंजीकृत अभियोग का विवरण--

1. मु0अ0सं0 94/2026 धारा 316(2)/61(2)/317(2) BNS थाना फेस-1, नोएडा।

बरामदगी का विवरण--

1. घटना में प्रयुक्त 01 अर्टिगा कार (रजिस्ट्रेश नम्बर UK07TE0927)
2. 02 मोबाइल फोन (घटना में प्रयुक्त)
3. 02 सिम कार्ड (घटना में प्रयुक्त)

2.थाना सेक्टर-63 नोएडा पुलिस द्वारा कम्पनी में चोरी करने वाले 02 चोर गिरफ्तार, कब्जे से मोबाइल के मदरबोर्ड के स्क्रैप पार्ट्स कुल वजन 82 किलो 200 ग्राम बरामद।

घटना का संक्षिप्त विवरण-- दिनांक 14.06.2026 को थाना सेक्टर-63 क्षेत्र के अंतर्गत कम्पनी रोशन इलेक्ट्रॉनिक से मोबाइल के मदरबोर्ड से निकली स्क्रैप पार्ट्स चोरी होने की सूचना प्राप्त होने पर थाना सेक्टर-63 पर मु0अ0सं0 252/2026 धारा 305 बी0एन0एस0 पंजीकृत किया गया था। घटना के सफल अनावरण हेतु स्थानीय पुलिस टीम का गठन किया गया था।

कार्यवाही का विवरण-- दिनांक 20.06.2026 को थाना सेक्टर-63 पुलिस द्वारा लोकल इंटेलिजेंस की सहायता से उक्त घटना का सफल अनावरण करते हुए 02 अभियुक्त 1.अवनीश यादव पुत्र सुरेश सिंह 2.कमर पुत्र उम्मेद सिंह को पुराने बन्द पड़े पेट्रोल पम्प, सेक्टर-63 से **गिरफ्तार** किया गया है। अभियुक्तों के कब्जे से 05 थैलो में मोबाइल के मदरबोर्ड के स्क्रैप पार्टस कुल वजन 82 किलो 200 ग्राम बरामद किया गया है। पूछताछ के दौरान ज्ञात हुआ कि अभियुक्त अविनाश यादव फैक्ट्री में गार्ड का काम करता है, उसके द्वारा अपने साथियों के साथ मिलकर फैक्ट्री में मोबाइल के मदरबोर्ड से निकाले गये स्क्रैप को चोरी कराया गया था। बरामद माल की कीमत लगभग 05 से 07 लाख रूपये है। इनके अन्य साथियों की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है।

गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण--

1. अवनीश यादव पुत्र सुरेश सिंह निवासी कुशल पूर्वा, थाना दिवियापुर, जिला औरया वर्तमान पता बहरामपुर, थाना क्रासिंग रिपब्लिक, जिला गाजियाबाद उम्र-36 वर्ष (कम्पनी का गार्ड)
2. कमर पुत्र उम्मेद सिंह निवासी ग्राम कलछीना, थाना भोजपुर, जिला गाजियाबाद उम्र 21 वर्ष।

पंजीकृत अभियोग का विवरण--

1. मु0अ0सं0 252/2026 धारा 305 /317(2) बी0एन0एस0 थाना सेक्टर-63, नोएडा।

बरामदगी का विवरण--

1. चोरी किये गये स्क्रैप पार्ट्स कुल वजन 82 किलो 200 ग्राम